क्र. सं.	नाम	अप्रैल-नवंबर, 97
1.	ए.ई. कंपनी	2048
2.	जीआईपीसीएल	802
3.	एस्सार	1525
4.	ट्राम्बे	5565
5.	बीएसईएस कं.	2441
6.	जेगरूपाडु सीसीजीटी	713
7.	गोदावरी सीसीजीटी	373
8.	सीईएससी	2677
9.	जल विद्युत परियोजनाएं	1057
	जोड़	16901

(ग) और (घ) निजी क्षेत्र में इस वित्तीय वर्ष (1998-99) के पहले आठ महीनों में उत्पादित विद्युत गत वर्ष (1997-98) की इसी अवधि की तुलना में 20.2% अधिक है।

दामोदर घाटी निगम की मैथान परियोजना के लिए भूमि

1639. **श्री शिबू सोरेन** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दामोदर घाटी निगम की मैथान परियोजना की लगभग 15,000 एकड़ भूमि को किसी और के नाम कर दिया गया है;

(ख) क्या निगम के अनुरोध पर, धनबाद के उपायुक्त ने इस मामले की समीक्षा करने का निर्णय लिया है;

(ग) बिहार के धनबाद जिले में मैथान परियोजना के लिए दामोदर घाटी निगम द्वारा अधिग्रहीत की गयी भूमि का विकास खंड-वार (ब्लॉक-वार) ब्यौरा क्या है; और

(घ) दामोदर घाटी निगम के नाम से जारी किए गए समझौता पत्र के ब्लॉक वार आंकड़े और ब्यौर क्या हैं?

विद्युत मंत्री, संसदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत मंत्री (श्री पी. आर. कुमारमंगलम) : (क) जी, नहीं मैथॉन परियोजना द्वारा अधिग्रहीत भूमि को अभी डीवीसी के नाम परिवर्तित किया जाना है।

(ख) डीवीसी के नाम भूमि परिवर्तित किए जाने के 171 मामले जिला भूमि व्यवस्था कार्यालय धनबाद में दर्ज किए गए हैं जिसके लिए मामलों को दर्ज करने में हुए विलंब हेतु उपायुक्त धनबाद का क्षमादान प्राप्त कर लिया गया है।

(ग) धनबाद जिले में मैथॉन परियोजना के लिए अधिग्रहीत भूमि थाना-वार नीचे दी गई है :-

क्र. स.	थाने का नाम	डीवीसी द्वारा अधिग्रहीत क्षेत्र
1.	निरसा	11,196.20 एकड़
2.	गोविंदापुर	319.69 "
3.	टुंडी	249.21 "
4.	झरिया	1.50 "
	कुल अधिग्रहीत क्षेत्र	11,766.60 एकड़

(घ) निरसा थाना, जिला धनबाद में अधिग्रहीत 6,900.24 एकड़ भूमि के लिए डीवीसी द्वारा अभी तक केवल पर्चा प्राप्त किया गया है।

Malpractices in appointments in Damodar Valley Corporation

1640. SHRI SHIBU SOREN : Will the Minister of POWER be pleased to state :

(a) whether Government are contemplating to order a comprehensive investigation into the case of alleged irregularities and malpractices in appointment of displaced category in the Maithan Project of Damodar Valley Corporation;

(b) if so, the details thereof and by when investigations would be ordered/completed;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) the details, if any, regarding the irregularities in the indemnity bound in favour of Damodar Valley Corporation?

THE MINISTER OF POWER, MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI P.R. KUMARMANGALAM) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) No investigation is contemplated as the Panel was prepared in compliance with the directions of the Hon'ble Supreme Court.

(d) DVC did not ask for submission of indemnity bond from any person.